**निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक 31.07.2026 को NHDP योजनान्तर्गत VC के माध्यम से राज्य स्तरीय परियोजना समिति (SLPC) की आहुत बैठक की कार्यवाही–**

उपस्थिति– पंजी के अनुसार।

सर्वप्रथम निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना द्वारा राज्यस्तरीय परियोजना समिति (SLPC) की आहुत बैठक में भाग लेने वाले पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। NHDP योजनान्तर्गत विभिन्न जिलों में संचालित 2 SCDP, 11 CDP एवं 04 BLC की अद्यतन स्थिति की समीक्षा संबंधित क्रियान्वयन अभिकरण, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, उप निदेशक, बुनकर सेवा केन्द्र, भागलपुर, उप प्रबंधक, एन0एच0डी0सी0, भागलपुर, अध्यक्ष, नेपुरा प्राथमिक सहयोग समिति लि0, सिलाव, नालन्दा के साथ की गई।

सर्वप्रथम आहूत बैठक में बिहार राज्य अन्तर्गत NHDP योजनान्तर्गत क्रियान्वित 10 CDP यथा– नवीनगर, कुटुम्बा (औरंगाबाद), नाजिर देसरा, डुमरामा (बांका), जमालहाता– II (सिवान), रहिका (मधुबनी), शेखपुरा (भागलपुर), सिगोड़ी, फतुहा (पटना) एवं मानपुर (गयाजी) एवं 02 BLC यथा– नवादा न्यू (नवादा) एवं सबौर (भागलपुर), जिसकी क्रियान्वयन अभिकरण हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा किया जा रहा है। उक्त कलस्टरों के संबंधित कलस्टर डेवलपमेन्ट एक्सीक्यूटिव (CDE) एवं टेक्सटाइल डिजाइनर (TD) के लंबित मानदेय पर विमर्श किया गया। यद्यपि CDE का मानदेय भुगतान NHDP के दिशा–निर्देश के अनुरुप Project Management Cost (PMC) एवं TD का मानदेय भुगतान Engaging Textile Designer घटक से किये जाने का प्रावधान है एवं उक्त दोनों घटक में Approved Fund से कम राशि प्राप्त होने के कारण मानदेय भुगतान हेतु NHDP दिशा–निर्देश (2022–23 से 2025–26 के कंडिका–A.4 (Note)) के अनुरुप " Inter - Component Diversion, if any, within the approved cost and withing the approved ceiling, shall be done with the approval of the SLPC under intimation to the O/o DC(HL)" SLPC के सभी सदस्यों से विचार–विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से निहित प्रावधान के अन्तर्गत Inter - Component Diversion करने का निर्णय लिया गया।

(अनुपालन– संबंधित महाप्रबंधक, जि0उ0के0, उप निदेशक, बुनकर सेवा केन्द्र, भागलपुर एवं हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय)

इस क्रम में क्रियान्वयन अभिकरण नेपुरा प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लि0 के अधीन कार्यरत CDE एवं TD के द्वारा हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय को मानदेय भुगतान हेतु निरंतर प्रार्थना पत्र प्राप्त होने का संज्ञान निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना द्वारा लिया गया एवं इस संबंध में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, नालन्दा को निदेश दिया गया कि संबंधित अध्यक्ष, CDE एवं TD को अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर मामले का निष्पादन करते हुए अध्यक्ष के द्वारा CDE एवं TD का मानदेय भुगतान कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन– अध्यक्ष, नेपुरा प्रा0 बु0 स0 स0 लि0, नेपुरा, नालन्दा, उप निदेशक, बुनकर सेवा केन्द्र, भागलपुर एवं महाप्रबंधक, जि0उ0के0, नालन्दा)

उपरोक्त बिन्दुओं पर उप निदेशक, बुनकर सेवा केन्द्र, भागलपुर द्वारा इस माह के अन्त तक सभी कलस्टरों में संयुक्त भौतिक जाँच एवं अन्य यथोचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

**(अनुपालन– उप निदेशक, बुनकर सेवा केन्द्र, भागलपुर)**

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त किया गया।

निदेशक
हस्तकरघा एवं रेशम
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 1017 पटना, दिनांक– 06/08/2026
सं0सं0– ह0क0सह0– (यो0/एन0एच0डी0पी0)– 35/2021

प्रतिलिपि– विकास आयुक्त (हथकरघा), हस्तकरघा विकास आयुक्त का कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, उद्योग भवन, नई दिल्ली– 110011/जोनल डायरेक्टर, बुनकर सेवा केन्द्र, गुवाहाटी/उप निदेशक, बुनकर सेवा केन्द्र, भागलपुर/उप प्रबंधक, एन0एच0डी0सी0, भागलपुर/महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, भागलपुर/बांका/गया/पटना/ सिवान/मधुबनी/नवादा/नालन्दा/औरंगाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

4. आई0टी0 मैनेजर, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
हस्तकरघा एवं रेशम
बिहार, पटना।